इस्लाम के दो चेहरे

डॉ. कृष्ण वल्लभ पालीवाल

2016

प्रकाशक

सुरुचि प्रकाशन

केशव कुंज, झण्डवाला,

नई दिल्ली-110055

इस्लाम के दो चेहरे

डॉ. कृष्ण वल्लभ पालीवाल

प्रकाशक

सुरुचि प्रकाशन

केशव कुंज, झण्डेवाला,

नई दिल्ली – 110055

दूरभाष : 011–23514672, 23634561

E-mail : suruchiprakashan@gmail.com

Website : www.suruchiprakashan.in

द्वितीय संस्करण : सितम्बर, 2016

मूल्य : ₹ 40

मुद्रक : गोयल एण्टरप्राइजिज

ISBN : 978-93-81500-88-0

इस्लाम
के दो चेहरे

विषय-सूची — पृष्ठ

अध्याय–1

यह पुस्तक क्यों ?

इस्लाम ने मानव समाज को दो भागों-मोमिन और काफ़िर में बांट रखा है। उसी प्रकार समय की दृष्टि से इस्लाम-पूर्व काल खंड को 'ज़हलिया' या अज्ञानता का युग और इस्लमोत्तर काल को 'चेतना' या प्रकाश का काल माना है तथा विश्व राज्यों को भी दो वर्गो 'दार-उल-इस्लाम' (इस्लामी राज्य) और 'दार उल हरब' गैर-इस्लामी राज्य यानी ऐसा राज्य जिसमें मुसलमान रहते तो हों परन्तु वहाँ इस्लामी राज्य व्यवस्था नहीं हो। ऐसे राज्यों में मुसलमानों का उद्देश्य वहाँ इस्लामी राज्य स्थापित करना होता है जैसे कि भारत, यू.के., यू.एस.ए. आदि। कहने को तो इस्लाम के पांच स्तम्भ हैं जैसे-शहदह (इस्लाम में ईमान की घोषणा), नमाज़, रोज़ा, हज्ज, और ज़कात (दान देना)। परन्तु इनमें जिहाद को जो कि उपरोक्त पांचों में से 'अल्लाह ' (*हदीस मुस्लिम खं: 1:148-149 पृ.58*) के बाद, सबसे महत्वपूर्ण है, बड़ी चतुराई से बाहर रखा गया है, जो कि इस्लाम के राजनैतिक आन्दोलन की आत्मा है। जिहाद का अर्थ है 'गैर-मुसलमानों को शान्तिपूर्ण या युद्ध द्वारा इस्लाम में धर्मान्तरित करना'। इसके बिना इस्लाम का कोई अस्तित्व ही नहीं है।

वास्तव में इस्लाम क्या है ?

1. वास्तविक व्यवहार में इस्लाम, अल्लाह के नाम पर, एक मुहम्मदीय, धर्म प्रेरित विश्व व्यापी, राजनैतिक आन्दोलन है; कुरान जिसका दर्शन, जिहाद जिसकी कार्य प्रणाली, मुसलमान जिसके सैनिक, मदरसे जिसके प्रशिक्षण केन्द्र, गैर-मुसलमान जिसके लक्ष्य और गैर-मुसलमानी राज्य जिसकी युद्ध भूमि तथा विश्व भर में इस्लामी साम्राज्य स्थापित करना जिसका एकमेव अन्तिम उद्देश्य है। इसीलिए मुसलमानों की गैर-मुसलमानों के प्रति जिहाद की यात्रा अन्तहीन और कियामत तक जारी है।

इस्लामी इतिहास बतलाता है कि जिहाद एवं इस्लाम का स्वरूप व उसकी कार्य प्रणाली अत्यन्त गोपनीय, बहुआयामी और पेचीदा रही है। उसे किसी एक स्थायी रूप का नहीं माना जा सकता है। यह समय एवं परिस्थितियों के साथ विभिन्न चरणों में बदलती रही है। जैसे पहले जिहादी गैर-मुसलमानों व उनके देश पर तलवार के बल पर कब्जा करते थे, और अब वे साम-दाम-दण्ड-भेद से वोट की राजनीति अपना रहे हैं। इसी तरह पैगम्बर मुहम्मद के तीन चेहरे हैं—पहला जन्म से लेकर इस्लाम की स्थापना (570-610 एडी) तक का पैंगन चेहरा; दूसरा मक्काई (610-622 एडी) चेहरा और तीसरा मदीनाई चेहरा (623-632 एडी)। मगर यहाँ दूसरा व तीसरा चेहरा महत्वपूर्ण है। संक्षेप में, जिहाद, इस्लाम और पैगम्बर मुहम्मद के विभिन्न चेहरे रहे हैं।

1. अतः यहाँ विचारणीय प्रश्न ये हैं कि क्या इस्लाम समस्त मानव समाज को एक समान, मानवतावादी, और कल्याणकारी उपदेश देता है ?

2. क्या इस्लाम, गैर-मुसलमानों के प्रति भेदभाव करता है ? यदि हाँ; तो क्या वह आरम्भ से ही गैर-मुसलमानों के प्रति आक्रामक और विभेदभावकारी था या यह बाद की देन है ?

3. क्या पैगम्बर मुहम्मद का व्यवहार भी गैर-मुसलमानों के प्रति समय के साथ बदलता गया ? आखिर यह कब, कैसे और क्यों हुआ ?

4. जब इस्लाम मानता है कि सारे संसार के लोगों का रचनाकार वही अल्लाह है तो अल्लाह का अपने ही पुत्रों-मुसलमानों और गैर-मुसलमानों के बीच भेदभाव क्यों है ?

5. इस्लाम और पैगम्बर के दो चेहरे क्या और क्यों हैं ?

6. कुरान अल्लाह की वाणी है। तो क्या कुरान भी गैर-मुसलमानों के प्रति भेदभाव का आदेश देती है ?

संक्षेप में यहाँ हमारा उद्देश्य यह समझने का है कि इस्लाम और पैगम्बर मुहम्मद के दो चेहरे क्या और क्यों हैं ?

7. यदि इस्लाम का उद्देश्य विश्व के समस्त गैर-मुस्लिम राज्यों को इस्लामी राज्य बनाने के लिए अन्तहीन जिहाद एवं युद्ध की घोषणा है, तो इस समस्या का समाधान क्या है ?

अध्याय–2

इस्लाम को समझने में कठिनाइयाँ

कुरान इस्लाम का मूल एवं मुख्य प्रामाणिक धर्मशास्त्र है। मुल्ला, मौलवी इस्लाम को शान्ति का मज़हब होने का दावा करते हैं तो गैर-मुसलमान इसके अन्तहीन जिहाद के ऐलान के कारण शाश्वत् युद्ध का धर्म मानते हैं। इस्लाम के, मुसलमान और गैर-मुसलमान सभी विद्वान प्रारम्भ से ही जिहाद और इस्लाम के वास्तविक और सर्व स्वीकार्य स्वरूप को समझने में अनेक प्रकार की समस्याऐं और कठिनाइयॉ अनुभव करते आ रहे हैं। खास तौर पर, कुरान के रचनाकार, इसकी पूर्णता, मौलिकता, भाषा, आयतों के अवतरण की निस्संदेहता, उनका निरस्तीकरण आदि इसके मुख्य कारण हैं। इसके अलावा कुछ कठिनाइयाँ आयतों के प्रारम्भ में 'कहो' शब्द जोड़ने से है जो कि आज भी रहस्यमय बना हुआ है (*बाकर, पृ.152-170*)

संक्षेप में कुरान को समझने में मुख्य कठिनाइयां निम्नलिखित हैं–

पहली–यह सुनिश्चित नहीं है कि जो सारी कुरान अल्लाह की एक विशेष पेटी में सुरक्षित है (43:4; 85:21-22) पूरी की पूरी पैगम्बर मुहम्मद को अवतरित हो गई थी, या नहीं ?

दूसरी–अल्लाह ने सारी कुरान प्रारम्भ में ही फरिश्ते जिब्रील, स्वतः प्रेरणा या अन्य माध्यमों द्वारा पैगम्बर मुहम्मद पर अवतरित क्यों नहीं कर दी ? उसने विभिन्न अन्तरालों के साथ और बेतुके समयों पर क्यों अवतरित की? अल्लाह ने ये आयतें मुहम्मद को 5, अगस्त 610 एडी को अपना रसूल घोषित करने के बाद, उनके अन्तिम दिन 8जून 632 एडी तक यानी बाईस साल चार माह तक टुकड़ों-टुकड़ों में क्यों नाज़िल की ? पहले सूरा (संख्या 96) के बाद तो अगला कोई सूरा तीन साल तक-नाज़िल-ही नहीं हुआ जिसके कारण विषय की अनवरता छिन्न-भिन्न हो गई।

तीसरी–कोई नहीं जानता कि सबसे पहली आयत जिसमें अल्लाह ने मुहम्मद साहब को अपना रसूल बनाया किसने लिखी ? क्योंकि वे

स्वयं तो अनपढ़ थे और हीरा नामक गुफा, जिसमें यह आयत नाज़िल हुई एवं फरिश्ते ने यह सन्देश उन्हें दिया, तब वहाँ कोई और व्यक्ति नहीं था।

चौथी—हम सुनिश्चित नहीं हैं कि जो आयतें मुहम्मद साहब पर बेतुके समय-जैसे बाहर घोड़े पर सवार, अपने बाल धोते समय या भोजन करते हुए अथवा सार्वजनिक सभाओं के प्रश्नों के उत्तर एवं श्री मती आयशा के सानिध्य में,जब जिबरिल रोजाना उंनके पास आता था, क्या वे सब नाजिल हुई, आयतें कुरान में शामिल हैं ? (*बैंसिक,पृ. 24, वाकर, पृ. 148*)

पांचवीं—हम सुनिश्चित नहीं है कि जितनी भी आयतें पैगम्बर मुहम्मद पर नाजिल हुई वे सभी वर्तमान कुरान में सम्मिलित हैं क्योंकि न तो पैगम्बर मुहम्मद स्वयं शिक्षित थे, और न उन्होंने नाज़िल होते ही तत्काल उनके लिखने की कोई व्यवस्था ही की थी। इसके अलावा मुहम्मद साहब भूल भी जाते थे (*बुखारी रवं. 6:558, 562, पृ. 508-509*)। उनके निधन के बाद जो कुछ भी सामग्री समतल पत्थर की शिलाओं, लकड़ी की प्लेटों, पार्चमेंट पेपर के टुकड़ों, खजूर की पत्तियों, जानवरों के सींगों व कंधों की चौड़ी हड्डियों व चमड़े के टुकडों पर और श्रृद्धालु मुसलमानों की स्मृति में बसी थी, उन्हीं को पहले खलीफ़ा अबू बकर के आदेश पर इब्न थाबेत ने इकट्ठा किया था। बाद में तीसरे खलीफ़ा उस्मान (643-656 एडी) ने जैद बिन थाबेत, अब्दुल्ला इब्न जुवेर, साद इब्न अलआस और अब्दुलरहमान इब्न अल हरीश की एक समिति को अन्तिम रूप देने के लिए गठित की, और उन्हें आदेश दिया गया कि यदि भाषा सम्बंधी कोई कठिनाई आए तो कुरेशी अरबी भाषा को प्राथमिकता दी जाए। इस प्रकार 655 एडी में सबसे पहले कुरान का पहला संस्करण सम्पादित किया गया और साथ ही कुरान के उस समय उपलब्ध अन्य संग्रहों को नष्ट करने का आदेश दिया गया। जैसे कि अली अबू तालेब अली के संग्रह, को, नष्ट कर दिया गया। (*दाष्टी,पृ. 78*)

छठी—इसके अलावा यमामा की लड़ाई में मारे गए पैगम्बर के साथियों जिन्हें कुरान के अंश याद थे तथा खजूर के पत्तों पर लिखी

आयतों को पैगम्बर के घर में जानवर खा गए (*दाष्टी, पृ. 18*)। अतः हम नहीं जानते उनमें क्या था, जो हमने खोया।

सातवीं—इन बातों के अलावा कुरान को समझने में जो सबसे बड़ी कठिनाई है वह यह है कि कुरान के सूरा उनके अवतरण कम के अनुसार सम्पादित नहीं हैं। बल्कि सम्पादन कमेटी की स्वेच्छित नीति के आधार पर रखे प्रतीत होते हैं। हम उनकी सूरा क्रम निर्धारण नीति को भी नहीं जानते। शायद पहले सूरा को छोड़कर अन्य सूरा उनकी लम्बाई के आधार पर रखे गए प्रतीत होते हैं,चाहे वे पैगम्बर साहब पर कभी भी, क्यों न अवतरित हुए हों। इस नीति का परिणाम यह हुआ कि बाद में यानी मदीना में अवतरित सूरा जो मक्काई सूराओं से अधिक लम्बे हैं और राजनैतिक तत्वों और गैर-मुसलमानों से युद्ध के सन्देशों से भरे पड़े हैं, कुरान में पहले रखे हुए हैं और मक्काई सूरा जो छोटे हैं,बाद में रखे हुए हैं। इस नीति के कारण कुछ सूरा जैसे सूरा 2 और 3 मिश्रित हैं। यह अत्यन्त आश्चर्य की बात है कि कुरान के सम्पादकों ने सूराओं को उनके अवतरण काल-क्रम के अनुसार नहीं रखा जो कि स्वाभाविक और हर दृष्टि से तर्क संगत व उचित था। वर्तमान सम्पादन विधि के परिणामस्वरूप यह समझ पाना अत्यन्त कठिन है कि किस विषय और किस परिस्थिति में, अल्लाह ने, उन समस्याओं का क्या समाधान दिया।

आठवीं—कुरान से यह भी पता नहीं चलता कि कौन-सा सूरा और आयत किस संदर्भ में है। आयतों के संदर्भीकरण के अभाव में कुरान के भाष्य में अनेक विसंगतियां रही हैं जिसके परिणाम-स्वरूप पारस्परिक विषय विरोध होना स्वाभाविक है।

नवीं— कुछ विद्वान तर्क देते हैं कि कुरान में अनेक विसंगतियां और परस्पर विरोध, आयतों के निरस्तीकरण के सिद्धान्त के कारण है, जो कहता है कि अल्लाह आवश्यकतानुसार पिछली अवतरित आयतों को या तो उनको बिल्कुल निरस्त कर देता है या उनकी जगह दूसरी भेज देता है (2:1063, 13:39)। परन्तु दुर्भाग्य से अल्लाह ने कहीं यह नहीं बतलाया कि अमुक आयत को निरस्तकर के उसकी जगह अमुक आयत भेजी जा रही है। वैसे सर्वज्ञ अल्लाह के लिए अपने पूर्व निर्णय को बदलने की नीति ने उसकी सर्वज्ञता पर भी सवालिया निशान अवश्य लगा दिया है।

उपरोक्त समस्याओं के कारण यदि कुरान के पाठकों को जिहाद एवं अन्य विषयों में भ्रम होता है, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। क्योंकि पहले तो निरस्त आयतों की संख्या निश्चित नहीं है। फिर प्रत्येक पाठक आयतों के संदर्भीकरण और निरस्तीकरण को अपनी रीति, नीति और उद्देश्य के अनुसार प्रयोग या तिरस्कार स्वीकार करता है।

सूराओं का तैथिक क्रम (नाज़िल होने के समय का क्रम)

उपरोक्त समस्याओं को देखते हुए अनेक विद्वानों ने कुरान के सूराओं के तैथिक क्रम को खोजने के गम्भीर प्रयास किए है ताकि जिहाद और इस्लाम के विकास क्रम को सही स्वरूप में समझा जा सके।

प्रो. सैल ने मक्का और मदीना में विभिन्न काल खंडों में अवतरित सूराओं का पता लगाने का गम्भीर प्रयास किया है (तालिका 1)

तालिका 1. **मक्का और मदीना में विभिन्न कालों में अवतरित कुरान के सूरा** (कैनन सैल-दी हिस्टोरिकल डवलपमेंट आफ़ कुरान, 1923 पृ. VII-VIII)

1. पहला काल खंड	मक्काई सूरा
(610-617 ए.डी.)	96, 74, 111, 106, 108, 104, 107, 102, 105, 92, 90, 94, 93, 97, 86, 91, 80, 68, 87, 95, 103, 85, 73, 101, 99, 82, 81, 53, 84, 100, 79, 77, 78, 88, 89, 75, 83, 69, 51, 52, 56, 70, 55, 112, 109, 113, 114, 1=48
2. दूसरा काल खंड (617-619 ए.डी.)	54, 37, 71, 76, 44, 50, 20, 26, 15, 19, 38, 36, 43, 72, 67, 23, 21, 25, 17, 27, 18=21
3. तीसरा काल खंड (619-622 ए.डी.)	32, 41, 45, 16, 30, 11, 14, 12, 40, 28, 39, 29, 31, 42, 10, 34, 35, 7, 46, 6, 13=21
4. चौथा काल खंड	मदीनाई सूरा
(622-632 ए.डी.)	2, 98, 64, 62, 8, 47, 3, 61, 57, 4, 65, 59, 33, 63, 24, 58, 22, 48, 66, 110, 49, 9, 5=24

अधिकांश विद्वानों का मत है कि कुरान के कुल 114 सूराओं में से 85 से 90 सूरा मक्का और शेष (29-24) मदीना में अवतरित हुए हैं। इनमें से जिहाद सम्बंधी आयतें केवल मक्काई दो सूराओं में और 19 मदीनाई सूराआ में हैं। मोरे (पृ. 336) ने जिहाद सम्बंधी मदीनाई सूराओं के तैथिक क्रम को इस प्रकार दिया है:- 22,2,28,47,3,61,57,4,59,33, 63,24,58,48,66,60,49,5 और 9 । परन्तु सूराओं के तैथिक क्रम के विषय में विद्वानों में काफ़ी मतभेद है। यहाँ हमने चार प्रमुख विद्वानों के सूराओं के तैथिक क्रम को प्रस्तुत किया है (*तालिका 2*)। हालांकि समस्त तैथिक क्रमों में अन्तर है परन्तु इस्लाम के प्राचीन और आधुनिक सभी विद्वान मानते है कि सूरा 9 अन्तिम है, जिसमें जिहाद सम्बंधी आयतें सबसे ज्यादा हैं, जो कि मुसलमानों के लिए अल्लाह का अनिवार्य और अन्तिम आदेश है।

इतनी अड़चनें होते हुए भी, गैर-मुसलमानों के प्रति जिहाद-यानी सशस्त्र युद्ध की अवधारणा को ठीक रूप से समझने के लिए पैगम्बर मुहम्मद पर मक्का और मदीना में अवतरित जिहाद सम्बंधी आयतों के अध्ययन से समझा जा सकता है, न कि मन चाहे तरीके से, जैसाकि इस्लाम के आलोचक और समर्थक दोनों ही अक्सर करते रहते हैं।

तालिका 2. विभिन्न विद्वानों द्वारा कुरान के सूराओं के अवतरण का अनुमोदित तैथिक काल क्रम (*सैल वही पृ. 203-204*)

सूरा संख्या	जलालुद्दीन सुयूती	नौलडेक	म्यूर	रौडवैल *
1	96	96	103	8
2	68	74	100	91
3	73	111	99	97
4	74	106	91	100
5	111	108	106	114
6	81	104	1	89
7	87	107	101	87
8	92	102	95	95
9	89	105	102	113

10	93	92	104	84
11	94	90	82	75
12	103	94	92	77
13	100	93	105	90
14	108	97	80	76
15	102	86	90	57
16	107	91	93	73
17	109	80	94	67
18	105	68	108	69
19	113	87	96	58
20	114	95	113	55
21	112	103	74	65
22	53	85	111	107
23	80	73	87	64
24	97	101	97	105
25	91	99	88	66
26	85	82	80	56
27	95	81	81	68
28	106	53	84	79
29	101	84	86	81
30	75	100	110	74
31	104	79	85	82
32	77	77	83	70
33	50	78	78	103
34	90	88	77	85
35	86	89	76	86
36	54	75	75	60
37	38	83	70	50
38	7	69	100	59

39	72	51	107	80
40	36	52	55	78
41	25	56	56	71
42	35	70	67	83
43	19	55	53	61
44	20	112	32	53
45	56	109	39	72
46	26	113	73	88
47	27	114	79	96
48	28	1	54	108
49	17	54	34	112
50	10	37	31	54
51	11	71	69	43
52	12	76	68	44
53	15	44	41	46
54	6	50	71	49
55	37	20	52	48
56	31	26	50	45
57	34	15	45	99
58	39	19	44	106
59	40	38	37	102
60	41	36	30	110
61	42	43	26	98
62	43	72	15	94
63	44	67	50	104
64	45	23	46	93
65	46	21	72	101
66	51	25	35	109
67	88	17	36	63
68	18	27	19	17

69	16	18	18	42
70	71	32	27	47
71	14	41	42	51
72	21	45	40	62
73	23	16	38	3
74	32	30	25	2
75	52	11	20	40
76	67	14	43	52
77	69	12	12	36
78	70	40	11	37
79	78	28	10	35
80	79	39	14	24
81	82	29	6	32
82	84	31	64	31
83	30	42	28	41
84	29	10	23	33
85	83	34	22	28
86	2	35	21	22
87	8	7	17	25
88	3	46	16	38
89	33	6	13	39
90	60	13	20	18
91	4	2	7	23
92	90	98	113	16
93	57	64	114	4
94	47	62	98	5
95	62	8	2	26
96	55	47	3	1
97	76	3	8	21
98	13	61	47	92

99	98	57	62	30
100	59	4	5	34
101	110	65	59	29
102	24	59	4	14
103	22	33	58	27
104	63	63	65	18
105	58	24	63	19
106	49	58	24	20
107	66	22	33	14
108	65	48	57	12
109	64	66	61	9
110	61	60	48	111
111	48	110	60	11
112	5	49	66	10
113	9	9	49	6
114	1	5	9	7

* रौडबेल – मोरे (पृ. 590)

स्वामी विवेकानंद–"भारत में विदेशी आक्रान्ताओं की, सैकड़ों वर्षों तक लगातार, एक के बाद एक लहर आती रही और भारत को तोड़ती और नष्ट-भ्रष्ट करती रही। यहाँ तलवारें चमकीं और '*अल्लाह के लिए लड़ो और जीतो*' के नारों से भारत का आकाश गूंजता रहा। लेकिन ये बाढ़ें भारत के आदर्शों को बिना परिवर्तित किए, स्वतः ही धीरे-धीरे समाप्त होती गईं।" (*स्वामी विवेकानंद वांगमय, खंड 4:159*)

अध्याय–3

इस्लाम की यात्रा-शान्तिपूर्ण से आतंकवाद तक

कुरान, हदीसों और पैगम्बर मुहम्मद की जीवनी के सूक्ष्म अध्ययन से साफ़ पता चलता है कि जिहाद जो कि इस्लाम का क्रिया रूप है, की अवधारणा और इसके अपनाने की विधियां सदैव एक-सी नहीं रहीं हैं बल्कि समय व शक्ति के साथ इनमें व्यापक परिवर्तन हुए हैं तथा धीरे-धीरे विभिन्न चरणों में होकर गुज़री हैं। इस्लाम के सभी विद्वान मानते हैं कि प्रारम्भिक काल-मक्का में इस्लाम का स्वरूप शान्तिपूर्ण था जिसमें समझाने-बुझाने एवं अपने श्रेष्ठ आचरण द्वारा प्रभावित कर गैर-मुसलमानों को इस्लाम स्वीकार कराने पर बल दिया गया है परन्तु मदीना में जाकर इस्लाम का स्वरूप तानाशाही और आंतकवादी हो गया। मक्का और मदीना में अवतरित आयतों के स्वभाव, लम्बाई, विषय सामग्री व कथनों में महान अन्तर है बल्कि कुछ तो पारस्परिक विरोधी भी हैं। यह एक दूसरी बात है कि विद्वानों में इस विषय में मतभेद है कि यह परिवर्तन कितने चरणों में हुआ—तीन, चार या अधिक में। वास्तव में इस्लाम का स्वरूप जिहाद के स्वरूप के साथ-साथ बदलता गया।

1. जिहाद की यात्रा- तीन चरणों में

हदीस सही बुखारी की प्रस्तावना में पवित्र मक्का मस्जिद के इमाम शेख अब्दुल्ला बिन मुहम्मद बिन हामिद के विचारों को भाष्यकार डा. एम.एम.खां. लिखता है कि पहले अल्लाह ने मुसलमानों को जिहाद में गैर-मुसलमानों से लड़ने को मना किया, फिर आज्ञा दी और बाद में मुसलमानों को (गैर-मुसलमानों से) लड़ना एक आवश्यक कर्त्तव्य कर दिया। "लड़ो, उनके विरूद्ध जो तुमसे (मुसलमानों) से लड़ना प्रारम्भ करें और उन के विरूद्ध जो अल्लाह के साथ अन्यों को पूजते हैं" जैसाकि सूरा 2,3 और 9 में कहा गया है। बाद में अल्लाह ने मुसलमानों के लिए गैर-मुसलमानों (हिन्दू ,बौद्ध, ईसाई, यहूदी, नास्तिक आदि) सभी के

विरूद्ध सशस्त्र युद्ध करने का आदेश दे दिया (9:29), "यदि वे इस्लाम स्वीकार न करें।" (सही बुखारी खं. 1, पृ. XXIV-XXVI)

2. जिहाद की यात्रा-चार चरणों में

मिश्र के आधुनिक विद्वान सैयद कुत्ब (1906-1966) ने अपनी पुस्तक '*माइल स्टोन्स*' में जिहाद की इस यात्रा को चार चरणों का माना है—पहली—प्रारम्भिक अवस्था जब मुसलमान मक्का में थे तो अल्लाह ने उन्हें गैर-मुसलमानों से युद्ध करने की आज्ञा नहीं दी। दूसरी-अवस्था जब मदीना में हिजरत करने के बाद मुसलमानों को सताने वालों के विरूद्ध लड़ने की आज्ञा उन्हें दी गई जो लड़ना चाहे। तीसरी अवस्था में अल्लाह ने उनसे लड़ने की आज्ञा दी जो उनसे लड़ें और चौथी अवस्था में अल्लाह ने मुसलमानों को उन सभी गैर-मुसलमानों से युद्ध करने का आदेश दिया, जो इस्लाम स्वीकार न करें, ताकि विश्वभर में इस्लाम भलीभांति स्थापित हो जाए। (पृ. 53)

यहाँ कुत्ब का यह भी मानना है कि जिहाद के इस विकास क्रम में पिछली अवस्था व उसकी आयतें अपने-आप ही निरस्त हो जाती हैं। केवल चौथी, अन्तिम अवस्था ही स्थायी रूप से मान्य बाकी रह जाती है। इसके पक्ष में वे कुरान की कुछ आयतें (4:74; 8:38-40; 9.5, 9:26-32) भी प्रस्तुत करते हैं। (वही पृ. 63)

(2) ब्रिल के 'एन्साइक्लोपीडिया' के अनुसार भी शान्तिपूर्ण जिहाद स्थायी एवं आक्रामक जिहाद में चार चरणों में परिवर्तित हो जाती है। सार की बात यह है कि इन विभिन्न चरणों में अन्तर होने के मुख्य कारण पैगम्बर मुहम्मद के चिन्तन में विकास और विभिन्न परिस्थितियों में नीति परिवर्तन के कारण हैं। (*जिहाद जुगरनौट*, पृ. 56)

3. जिहाद की यात्रा—पांच चरणों में

प्रो. लोखंडवाला के अनुसार मुस्लिम विधि वेत्ता जिहाद को पांच स्तरों में विभाजित करते हैं और अन्तिम पांचवी अवस्था को ही विधि सम्मत मानते हैं यानी पिछली अवस्थाओं के आदेशों को वे निरस्त मानते हैं। ये पांच अवस्थाऐं हैं : पहली (610 - 613 डी) विश्वास, क्षमा और

समर्पण की, दूसरी (613-622 एडी) गैर-मुसलमानों को इस्लाम स्वीकारने को आमंत्रित करने की, तीसरी (622-624 एडी) आत्मरक्षा के लिए लड़ने की, चौथी (624-630 एडी) निश्चित समय पर आक्रामक युद्ध की, और पांचवीं (630-632 एडी) अवस्था विश्वभर के गैर-मुसलमानों के विरूद्ध सामान्य आक्रामक युद्ध की (*इंजीनियर एवं शाकिर, कम्युनलिज्म इन इंडिया, पृ. 5; मोरे, पृ. 219-220*)

4. जिहाद की यात्रा-छः चरणों में

हमारे विचार से, इस्लामी जिहाद ने अपने शान्तिपूर्ण स्वरूप से विश्वव्यापी, सशस्त्र, आक्रामक और स्थायी युद्ध की 610 से 632 एडी तक की यात्रा, छः चरणों में पूरी की है। इनमें से जिहाद की पहली गोपनीय अवस्था (610-613 एडी) और दूसरी सार्वजनिक प्रचार की अवस्था (614 -622 एडी) मक्का में रही, तथा तीसरी स्वेच्छा से युद्ध की अनुमति की अवस्था (622 - 624 एडी), चौथी सशर्त युद्ध की अवस्था (624-625 एडी), पांचवी बिना शर्त सशस्त्र युद्ध की अवस्था (625 -630एडी) और छठी और अन्तिम,सशस्त्र आक्रामक एवं स्थायी युद्ध की अवस्था (630-632 एडी) मदीना में रही। विद्वानों ने गैर-मुसलमानों के विरूद्ध जिहाद करने के लिए केवल स्थायी आक्रामक युद्ध की छठी अवस्था को ही प्रभावी और प्रामाणिक माना है। हमारा कहना है कि चाहे जिहाद की यात्रा तीन चरणों में पूरी हो या छः में, सबको केवल अन्तिम चरण ही मान्य है।जिहाद की उपरोक्त छः अवस्थाओं की पुष्टि नीचे लिखीं क़ुरान की आयतों से होती है।

पहली गोपनीय अवस्था (*610-613* एडी)

(*i*) अगस्त *610* एडी में नबूवत की घोषणा के बाद पैगम्बर मुहम्मद ने व्यक्ति गत सम्पर्क द्वारा कुछ लोगों के बीच गोपनीय ढंग में इस्लाम का सन्देश देना प्रारम्भ किया। इन तीन-चार सालों में जब उसके अनुयायियों की संख्या बढ़कर 38 हो गई (*मोरे, पृ. 48*) तो अबूबकर और उमर ने इस्लाम का सार्वजनिक रूप से प्रचार करने पर बल दिया। पर मुहम्मद ने मना करते हुए कहाः "अभी हम संख्या में बहुत कम हैं"

(*वहीदुद्दीन. पृ. 116*)। हालांकि इस काल खंड में अवतरित आयतों में जिहाद शब्द का उल्लेख है, मगर यहाँ जिहाद का अर्थ शान्तिपूर्ण ढंग से इस्लाम के नियमों का पालन करने का प्रयास करना है। यहाँ केवल एक ही ईश्वर को पूजने, मुहम्मद को रसूल स्वीकारने, कुरान को ईश्वरीय ग्रंथ मानने, विरोधियों के सामने शान्ति और सहनशीलता के साथ अपनी बात कहना, आखिरत और कियामत आदि पर बल देना मुख्य हैं जो कि निम्नलिखित आयतों से सुस्पष्ट है। (नोट : सभी आयतों का अनुवाद-पवित्र कुरान, अनु.मौलाना मुहम्मद फारुक़खाँ और डा. मुहम्मद अहमद, प्रकाशक मधुर संदेश संगम (2005) नई दिल्ली, से लिया गया है)

(*ii*) "जो व्यक्ति (अल्लाह के मार्ग में) संघर्ष करता है वह तो स्वयं अपने ही लिए संघर्ष करता है। निश्चय ही अल्लाह सारे संसार से निस्पृह है।" (29 : 6 , पृ. 347)

(*iii*) "हमने मनुष्य को अपने मां-बाप के साथ अच्छा व्यवहार करने की ताकीद की है। किन्तु यदि वे तुम पर ज़ोर डालें कि तू किसी ऐसी चीज़ को मेरा साझी ठहराए जिसका तुझे कोई ज्ञान नहीं, तो उनकी बात न मान।" (29:8, पृ. 347)

(*iv*) 'किताब वालो' से बस उत्तम रीति से वाद-विवाद करो-रहे वे लोग जो उनमें जालिम हैं, उनकी बात दूसरी है—और कहो: "हम ईमान लाए उस चीज़ पर जो हमारी ओर अवतरित हुई और तुम्हारे ओर भी अवतरित हुई। हमारा पूज्य और तुम्हारा पूज्य अकेला ही है और हम उसी के आज्ञाकारी हैं।" (29:46, पृ. 351)

(*v*) "वे जो कुछ कहते हैं उस पर धैर्य से काम लो और ज़ोर व शक्ति वाले हमारे बन्दे दाऊद को याद करो।" (38:17, पृ.402)

(*vi*) "अतः इनकार करने वालों की बात न मानना और इस (क़ुरआन) के द्वारा उनसे जिहाद करो', बड़ा जिहाद (यानी जी तोड़ कोशिश)।" (25:52, पृ.315)

(*vii*) 'अपने रब का फ़ैसला आने तक धैर्य से काम लो, तुम तो हमारी ऑखों में हो।' (52:48, पृ.475)

(*viii*) "और जो कुछ वे कहते हैं उस पर धैर्य से काम लो और भली रीति से उनसे अलग हो जाओ और तुम मुझे और झुठलाने वाले सुख सम्पन्न लोगों को छोड़ दो और उन्हें थोड़ी मुहलत दो।" (73:10-11, पृ. 536)

दूसरी सार्वजनिक प्रचार की अवस्था (614-622 एडी)

जब पैगम्बर मुहम्मद के अनुयायियों की संख्या बढ़ने लगी तो उन्होंने कुरान के आदेशों का खुलकर प्रचार करना प्रारम्भ किया, तथा अल्लाह के साथ अन्य देवी-देवताओं की पूजा करने की, जो कि काबा मस्जिद में होती थी, की निन्दा की; साथ ही स्वयं को पैगम्बर मानने पर बल दिया। हालांकि पचहत्तर प्रतिशत कुरान मक्का में अवतरित हुई थी और उसमें कुछ आयतों में 'अल्लाह के लिए जिहाद' के संदेश भी हैं परन्तु मक्का की आयतों में गैर-मुस्लिमों के विरूद्ध सशस्त्र युद्ध की आज्ञा नहीं दी गई है। यहाँ इतना अवश्य है कि काबा में विद्यमान देवी देवताओं की पूजा की आलोचना से कुरेश, जिनका कि काबा मस्जिद के प्रबन्ध पर अधिकार था, मुहम्मद के विरोधी हो गए। लेकिन मुहम्मद ने अपने साथियों से सब्र, शान्ति एवं बातचीत द्वारा इस्लाम का सन्देश देने की अपील की। जैसाकि नीचे की आयतों से स्पष्ट है:

(*i*) "अतः तुम्हें जिस चीज़ का आदेश हुआ है उसे हाँक-पुकार कर बयान कर दो और मुशरिकों की ओर ध्यान न दो।" (15:94, पृ.225)

(*ii*) "अपने रब के मार्ग की ओर तत्त्व-दर्शिता और सदुपदेश के साथ बुलाओ और उनसे ऐसे ढंग से वाद-विवाद करो जो उत्तम हो।" (16:125, पृ.237)

(*iii*) "और यदि तुम उनसे बदला लो तो उतना ही जितना तुम्हें कष्ट पहुंचा हो किन्तु यदि तुम सब्र करो तो निश्चय ही यह सब्र करने वालों के लिए ज्यादा अच्छा है।" (16:126, पृ.237)

(*iv*) "कह दोः ऐ इनकार करने वालो ! मैं वैसी बन्दगी नहीं करूंगा जैसी बन्दगी तुम करते हो और न तुम वैसी बन्दगी करने वाले हो जैसी

बन्दगी मैं करता हूँ और न मैं वैसी बन्दगी करने वाला हूँ जैसी बंदगी तुमने की है और न तुम वैसी बन्दगी करने वाले हुए जैसी बन्दगी मैं करता हूँ। तुम्हारे लिए तुम्हारा धर्म है और मेरे लिए मेरा धर्म।" (109:1-6, पृ.588)

(*v*) "उसने कहा" फिर क्या तुम अल्लाह से इतर उसे पूजते हो जो न तुम्हें कुछ लाभ पहुँचा सके और न तुम्हें कोई हानि पहुँचा सके ? (21:66, पृ.282)

(*vi*) "धिक्कार है तुम पर, और उन पर भी, जिनको तुम अल्लाह को छोड़कर पूजते हो ! तो क्या तुम बुद्धि से काम नहीं लेते ? (21:67, पृ.282)

(*vii*) "मूर्त्तियों की गन्दगी से बचो और बचो झूठी बात से।" (22:30, पृ.289)

तीसरी अवस्था-स्वेच्छा से लड़ने की अनुमति (623–624 एडी)

पैगम्बर मुहम्मद के मदीना में पहुंचने के बाद, अल्लाह ने मुसलमानों को, जो अपने विरोधियों से स्वेच्छा से लड़ना चाहें, उनको लड़ने की अनुमति दे दी :

(*i*) "अनुमति दी गई (लड़ने की) उन लोगों को जिन के विरूद्ध युद्ध किया जा रहा है क्योंकि उन पर जुल्म किया गया और निश्चय ही अल्लाह उनकी सहायता की पूरी सामर्थ्य रखता है। ये वे लोग हैं जो अपने घरों से नाहक निकाले गए केवल इसलिए कि वे कहते हैं कि "हमारा 'रब' अल्लाह है।" (22:39-40, पृ.290)

(*ii*) "जिन लागों ने अल्लाह के मार्ग में घर बार छोड़ा, फिर मारे गए या मर गए, अल्लाह अवश्य उन्हें अच्छी आजीविका प्रदान करेगा।" (22:58, पृ.291)

(*iii*) "परस्पर मिलकर 'जिहाद करो' अल्लाह के मार्ग में' जैसा कि 'जिहाद' का हक है। उसने तुम्हें चुन लिया है और धर्म के मामले में तुम पर कोई तंगी और कठिनाई नहीं रखी।" (22:78, पृ. 293)

इस्लामी इतिहास से यह पता नहीं चलता कि मुसलमानों को कुरेशों से लड़ने की अनुमति किस तारीख को दी गई। मगर यह तारीख बद्र की लड़ाई (624 एडी) से पहले की प्रतीत होती है, जब तक पैगम्बर मुहम्मद ने सैनिक तैयारी काफ़ी कर ली थी।

यहाँ विचारणीय यह है कि उपरोक्त आयतों (22:39-40) में मुसलमानों को मक्का के गैर-मुसलमानों के विरूद्ध युद्ध करने की अनुमति दी गई है जिन्होंने मुसलमानों को मक्का में अपने घर छोड़ने को विवश किया था। मगर सच तो यह है कि मक्का के कुरेशों ने न तो मक्का और न मदीना के मुसलमानों पर कोई युद्ध या अत्याचार किया। मक्का के मुसलमान तो स्वयं अल्लाह के आदेश पर हिज़रा करके मदीना आए थे। अतः मक्का से आकर मदीना में बसने वाले मुसलमानों और मदीना के अंसारों को मक्का के कुरेशों के विरूद्ध युद्ध करने की अनुमति देना तो कुरेशों को सताना था, उनसे बदला लेने के समान है। यह आत्मरक्षा नहीं बल्कि बदले की भावना से प्रेरित ही समझा जाएगा।

चौथी अवस्था सशर्त युद्ध की आज्ञा (624-626 एडी)

बद्र की लड़ाई के बाद, मुसलमानों को गैर-मुसलमानों से सशर्त युद्ध की आज्ञा दी गई। पहले तो केवल कुरेश,जोकि मूर्त्ति पूजक थे, वे ही शत्रु थे, परन्तु उहद की लड़ाई के बाद (624 एडी) अब कुछ बहुरूपये मुसलमान भी मुसलमानों के शत्रु हो गए। इसी तरह मक्का और मदीना के प्रारम्भिक काल तक में यहूदी शत्रु नहीं थे, बल्कि दोनों का किब्ला (जेरूसलेम) एक ही था जो 11.2.624 तक रहा। परन्तु धीरे-धीरे वे भी शत्रु हो गए। अतः 624 के बाद अल्लाह ने मुसलमानों को उनसे भी युद्ध की आज्ञा दे दी।

अतः जिहाद की इस चौथी अवस्था में अल्लाह ने मुसलमानों को आज्ञा दी कि वे मानसिक, शारीरिक एवं युद्ध सामग्री सहित सब प्रकार से गैर-मुसलमानों से सशर्त युद्ध करने की पूरी तैयारी करें और यदि वे शान्ति स्थापित एवं सन्धि करने को कहें तो उसे स्वीकार कर लो।

(*i*) "और अल्लाह के मार्ग में उन लोगों से लड़ो जो तुमसे लड़ें किन्तु ज्यादती न करो।" "और जहाँ कहीं उन पर काबू पाओ, कत्ल

करो, और उन्हें निकालो जहाँ से उन्होंने तुम्हें निकाला है। इसलिए कि फ़ितना (उत्पीड़न) कत्ल से भी बढ़कर गम्भीर है। लेकिन मस्जिदे हराम (काबा) के निकट तुम उनसे न लड़ो जब तक कि वे स्वयं तुमसे युद्ध न करें। अतः यदि वे तुम से युद्ध करें तो उन्हें कत्ल करो-ऐसे इनकारियों का ऐसा ही बदला है।" (2:190-191, पृ.29)

(*ii*) "तुम उनसे लड़ो,यहाँ तक कि फ़ितना शेष न रह जाए और दीन धर्म अल्लाह के लिए हो जाए। अतः यदि वे बाज़ आ जाऐं तो अत्याचारियों के अतिरिक्त किसी के विरूद्ध कोई कदम उठाना उचित नहीं।" (2:193, पृ.30)

(*iii*) "प्रतिष्ठित महीना (सब के लिए) बराबर है। प्रतिष्ठितमहीने के, और समस्त प्रतिष्ठाओं का भी बराबरी का बदला है। अतः जो तुम पर ज़्यादती करे, तो जैसी ज़्यादती वह तुम पर करे, तुम भी उसी प्रकार उससे ज़्यादती का बदला लो और अल्लाह का डर रखो।" (2:194, पृ.30)

(*iv*) "उन इनकार करने वालों से कह दो कि वे यदि बाज़ आ जाऐं तो जो कुछ हो चुका उसे क्षमा कर दिया जायेगा किन्तु यदि वे फिर भी वही करेंगें तो पूर्ववर्ती लोगों के सिलसिलें में जो रीति अपनाई गई वह सामने से गुज़र चुकी है।" (8:38, पृ.152)

(*v*) "उनसे युद्ध करो यहाँ तक कि फ़ितना बाकी न रहे और 'दीन' (धर्म) पूरा का पूरा अल्लाह ही के लिए हो जाए। फिर यदि वे बाज़ आ जाऐं तो अल्लाह उनके कर्म देख रहा है।" (8:39, पृ.152)

(*vi*) "अतः यदि युद्ध में तुम उन पर काबू पाओ, तो उनके साथ इस तरह पेश आओ कि उनके पीछे वाले भी भाग खड़े हों ताकि वे शिक्षा ग्रहण करें" (8:57, पृ.154)

(*vii*) "इनकार करने वाले यह न समझें कि वे आगे निकल गए। वे काबू के बाहर नहीं जा सकते और जो भी तुमसे हो सके उनके लिए बल और बंधे घोड़े (युद्ध की तैयारी) तैयार रखो ताकि इसके द्वारा अल्लाह के शत्रुओं और अपने शत्रुओं और इनके अतिरिक्त उन दूसरे लोगों को भी भयभीत कर दो जिन्हें तुम नहीं जानते। अल्लाह उनको जानता है और अल्लाह के मार्ग में तुम जो कुछ भी खर्च करोगें वह तुम्हें पूरा-पूरा

चुका दिया जाएगा और तुम्हारे साथ कदापि अन्याय नहीं होगा।" (8:59-60, पृ.156)

पांचवी अवस्था-गैर मुसलमानों से युद्ध करना अनिवार्य

आगे चलकर अधिक शक्तिशाली होने पर, अल्लाह ने मुसलमानों के लिए इस्लाम के प्रसार के लिए गैर-मुसलमानों से युद्ध करना उनका एक लाज़िम फ़र्ज़ या अनिवार्य कर्त्तव्य घोषित कर दिया, चाहे वे इसे पसन्द करें या न करें।देखिए कुछ आयतें :

(*i*) "तुम पर युद्ध अनिवार्य किया गया और वह तुम्हें अप्रिय है और बहुत सम्भव है कि कोई चीज़ तुम्हें अप्रिय हो और वह तुम्हारे लिए अच्छी हो और बहुत सम्भव है कि कोई चीज़ तुम्हें प्रिय हो और वह तुम्हारे लिए बुरी हो, और अल्लाह जानता है और तुम नहीं जानते।" (2:216, पृ. 33)

(*ii*) "अल्लाह के मार्ग में युद्ध करो और जान लो कि अल्लाह सब कुछ सुनने वाला, जानने वाला है।" (2:244, पृ. 37)

(*iii*) "तो जो लोग आखिरत (परलोक) के बदले सांसारिक जीवन का सौदा करें उन्हें चाहिए कि अल्लाह के मार्ग में लड़ें, जो अल्लाह के मार्ग में लड़ेगा चाहे वह मारा जाए या विजयी रहे। उसे हम शीघ्र ही बड़ा बदला प्रदान करेंगें।" (4:74, पृ. 76)

(*iv*) "हे ईमान लानेवालो! जब एक सेना के रूप में तुम्हारा इनकार करने वालों से मुकाबला हो तो पीठ न फेरो। जिस किसी ने भी उस दिन उनसे अपनी पीठ फेरी-यह बात और है कि युद्ध-चाल के रूप में या दूसरी टुकड़ी से मिलने के लिए ऐसा करे-तो वह अल्लाह के प्रकोप का भागी हुआ और उस का ठिकाना जहन्नम है और क्या ही बुरी जगह है वह पहुंचने की" (8:15-16, पृ. 150)

छठी अवस्था सशस्त्र युद्ध का स्थायी आदेश

जब पैगम्बर मुहम्मद सैनिक दृष्टि से अत्यधिक शक्तिशाली हो गए और 630 में मक्का पर विजय प्राप्त कर ली तो उन्होंने सबसे पहले

मदीना के गैर-मुसलमानों की सुरक्षा के उत्तर दायित्व की जो शपथ ली थी उससे अपने को मुक्त कर लिया और घोषणा कर दी कि रमादान के चार पवित्र महीनों के बाद वे या तो इस्लाम स्वीकार लें या युद्ध करें जैसा कि नीचे की आयतों से स्पष्ट है :

(*i*) "मुशरिकों (बहुदेववादियों) से जिनसे तुमने संधि की थी विरक्ति (की उद्घोषणा) है अल्लाह और उसके रसूल की ओर से। अतः उस धरती में चार (पवित्र) महीने और चल-फिर लो और यह बात जान लो कि तुम अल्लाह के काबू से बाहर नहीं हो सकते और यह कि अल्लाह इनकार करने वालों को अपमानित करता है।" (9:1-2, पृ. 157)

(*ii*) "फिर जब हराम (प्रतिष्ठित) महीने बीत जाऐं तो मुशरिकों को जहाँ कहीं पाओ कत्ल करो।, उन्हें पकड़ो और उन्हें घेरो और हर घात की जगह उनकी ताक में बैठो। फिर यदि वे तौबा करलें और नमाज़ कायम करें और ज़कात दें तो उनका मार्ग छोड़ दो।" (9:5, पृ. 157)

(*iii*) "वे किताबवाले जो न अल्लाह पर ईमान रखते हैं और न अन्तिम दिन पर और न अल्लाह और उसके रसूल के हराम ठहराए हुए को हराम ठहराते हैं और न सत्यधर्म का अनुपालन करते हैं, उनसे लड़ो, यहाँ तक कि वे सत्ता से विलग होकर और छोटे (अधीनस्थ) बनकर ज़िज्या देने लगें।" (9:29, पृ. 160)

(*iv*) "ईमान लाने वाले तो अल्लाह के मार्ग में युद्ध करते हैं और अधर्मी लोग तागूत (बढ़े हुए सरकस) के मार्ग में युद्ध करते हैं। अतः तुम शैतान के मित्रों से लड़ो। निश्चय ही शैतान की चाल बहुत कमज़ोर होती है।" (4:76 पृ. 76-77)

कुरान की उपरोक्त आयतों से सुस्पष्ट है कि मक्का का शान्तिपूर्ण इस्लाम मदीना में धीरे-धीरे आक्रामक और आंतकवादी इस्लाम में परिवर्तित हो गया तथा 630 एडी में मुसलमानों की मक्का पर विजय के बाद अल्लाह ने विश्व के सारे गैर-मुस्लिमों-यहाँ तक की 'किताब वालों' यानी ईसाई, यहूदियों, तथा हिन्दू-बौद्ध, नास्तिक आदि सभी के विरूद्ध, यदि वे इस्लाम स्वीकार न करें तो एक स्थायी अन्तहीन और आक्रामक युद्ध का ऐलान कर दिया जोकि कुरान के अन्तिम सूरा की

आयत, (9.5) से सिद्ध होता है। इस्लाम में यह आयत 'तलवार की आयत' के नाम से प्रसिद्ध है। इसमें 'जहाँ कहीं' शब्द का अर्थ न, केवल अरेबिया में बल्कि विश्वभर में, कहीं भी से है। अतः यह आयत विश्वभर के गैर-इस्लामी, विभिन्न धर्मों एवं सम्प्रदायों में विश्वास रखने वाले सभी गैर मुसलमानों, जो इस्लाम धर्म स्वीकार न करना चाहें, के विरूद्ध सशस्त्र खुला आदेश है। इसकी पुष्टि में पैगम्बर मुहम्मद एक हदीस में स्वयं कहते हैं :

"अल्लाह के पैगम्बर ने कहा" मुझे अल्लाह ने सभी लोगों के विरूद्ध तब तक युद्ध करते रहने का आदेश दिया हुआ है जब तक कि वे यह स्वीकार न कर लें कि अल्लाह के अतिरिक्त कोई अन्य पूज्य प्रभु (ईश्वर) नहीं है और मुझ में विश्वास रखें कि मैं ही अल्लाह का अन्तिम रसूल हूं और उसमें जिसके साथ मुझे भेजा गया है। और जब वे ऐसा विश्वास व्यक्त कर दें (यानी इस्लाम स्वीकार कर लें) तो उनकी जान और माल की सुरक्षा की मेरी गांरटी है, सिवाए इसके कि वह कानूनन उचित हो।" (*मुस्लिम खं. 1:31-32, पृ. 20-21*)

इसी आयत (9.5) के आधार पर पैगम्बर ने स्वयं मुसलमानों को आदेश दिया कि जब तुम गैर-मुसलमानों से मिलो तो उनके सामने तीन विकल्प रखो :

1) "उनको इस्लाम स्वीकारने को कहो; 2) यदि वे न मानें तो ज़ज़िया (टेक्स) देने को कहो और यह भी न मानें तो, 3) उनके साथ जिहाद (यानी सशस्त्र युद्ध) करो।" (*मुस्लिम, खं. 3: 4249, पृ. 1137; माजाह, खं. 4:2858 पृ. 189-190*)

आयतों का निरस्तीकरण—इस्लाम की मान्यता है कि सर्व शक्तिमान, सर्वज्ञ अल्लाह आवश्यकतानुसार मुहम्मद पर पहले अवतरित आयतों में से किसी को भी निरस्त कर देता है या उसकी जगह दूसरी नई भेज देता है जैसे :

(*i*) "हम जिस आयत को भी मिटा देते हैं या उसे भुला देते हैं तो उससे बेहतर लाते हैं या उस जैसा दूसरा ही। क्या तुम नहीं जानते है कि अल्लाह को हर चीज़ का सामर्थ्य प्राप्त है।" (2:106, पृ.19)

(*ii*) "अल्लाह जो कुछ चाहता है, मिटा देता है और (जो कुछ चाहता है) कायम रखता है। मूल किताब तो स्वयं उसी के पास है।" (13:39, पृ.213)

अल्लाह के उपरोक्त आदेशों के कारण इस्लाम के सभी विद्वान कुरान में आयतों के निरस्तीकरण के सिद्धान्त को मानते है। चौदहवीं सदी के विद्वान जलालुद्दीन सुयूती के अनुसार कुरान की पांच सौ आयतें निरस्त या अप्रभावी हैं (*पी. टी. ह्यूज, पृ. 520*)

इस्लाम के विद्वान यह भी मानते हैं कि कुरान का नौवां सूरा सबसे आखिरी है और इसकी 5वीं आयत जिसे 'तलवार की आयत' भी कहते है, मक्का और मदीना में अवतरित उन सभी उदार आयतों को निरस्त करती है जो कि गैर-मुसलमानों के सम्बन्ध में कही गई हैं, जो कि तर्क संगत भी है (*सैयद कुत्ब, माइल, स्टोन पृ. 63*)। मगर इस सम्बंध में विद्वानों में मतभेद है कि आयत 9.5 पिछली कितनी आयतों को निरस्त करती है और उनकी जगह कौन-कौन सी नई लाई गई हैं या नहीं लाई गई हैं। उदाहरण के लिए पैगम्बर मुहम्मद के जीवनी लेखक म्यूर बताते है कि आयत 9.5, पिछली 225 आयतों को, (*वही, पृ. XXVI*), अब्दुल्ला अज्जाम 140 आयतों को, सैयद अबुल मौदूदी 200 आयतों को (*मोरे, पृ. 218*) निरस्त करती है।

"इस संदर्भ में आर. बैले ने" 'दी जिहाद जुगरनॉट' (पृ. 56) में लिखा है: "हालांकि सभी मुसलमान विश्वास करते है कि अल्लाह ने कुछ नई आयतों को भेजकर पुरानी आयतों को निरस्त किया था। परन्तु इस विषय में उनमें व्यापक मत भेद है कि कौन-सी आयत ने किस आयत का स्थान लिया। फिर भी अधिकांश विद्वान मानते हैं कि जिहाद के विषय में आयत 9.5 पहले अवतरित हुईं, अधिकांश आयतों को निरस्त कर देती है। कुछ का मानना है कि यह आयत (9.5) पिछली 111 आयतों को निरस्त करती है। इस सामान्य सहमति के बाद भी अनेक लोग इस्लाम को शान्ति का मज़हब सिद्ध करने के उद्देश्य से पिछली निरस्त आयतों को प्रस्तुत करते रहते हैं। इस प्रकार आधुनिक उदारवादी मुस्लिम नेता, विशेषकर पाश्चात्य देशों में इस्लाम में अहिंसा और

सहिष्णुता सिद्ध करने के लिए उस इस्लाम को पढ़ाते है जिसे कि मक्का का इस्लाम कहा जा सकता है। साथ ही कट्टर पंथी और रूढ़िवादी मुसलमान "मदीना के उस इस्लाम" को जो कि कहीं अधिक आक्रामक और सर्वसत्तावादी है, को मुस्लिम जगत के अधिकांश भागों में पढ़ाते हैं।"

अतः सार की बात यह है कि जिहाद की 3 अवस्थाऐं हों या 6, परन्तु सबकी अन्तिम अवस्था ही वैध है और शेष पिछली सब अवस्थाऐं अमान्य हैं तथा 632 एडी के बाद इस्लाम की आयत (9.5) द्वारा यही संदेश है कि विश्वभर के गैर-मुसलमान या तो मुसलमान बन जाऐं या सशस्त्र युद्ध तक के लिए तैयार हो जाऐं।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर—"यह बात स्वीकार कर लेनी चाहि कि पाकिस्तान बनने से हिंदुस्थान सांप्रदायिक समस्या से मुक्त नहीं हो जाएगा। सीमाओं का पुनर्निर्धारण करके पाकिस्तान को तो एक सजातीय देश बनाया जा सकता है, परंतु हिंदुस्थान तो एक मिश्रित देश बना ही रहेगा। मुसलमान समूचे हिंदुस्थान में छितरे हुए हैं—यद्यपि वे मुख्यतः शहरों और कस्बों में केंद्रित हैं। चाहे किसी भी ढंग से सीमांकन की कोशिश की जाए, उसे सजातीय देश नहीं बनाया जा सकता। हिंदुस्थान को सजातीय देश बनाने का एकमात्र तरीका है, जनसंख्या की अदला-बदली की व्यवस्था करना। यह अवश्य विचार कर लेना चाहिए कि जब तक ऐसा नहीं किया जाएगा, हिंदुस्थान में बहुसंख्यक बनाम अल्पसंख्यक की समस्या और हिंदुस्थान की राजनीति में असंगति पहले की तरह बनी ही रहेगी।" (पाकिस्तान और भारत के विभाजन, *पृ. 130*)

अध्याय–4

मक्काई इस्लाम–इस्लाम का पहला चेहरा

जिहाद की यात्रा के पिछले लम्बे विवेचन से यह साफ़ जाहिर हो गया है कि मक्का में इस्लाम का शान्तिपूर्ण, सहयोगी व सहनशीलता का स्वरूप 13 वर्ष बाद मदीना में आकर तानाशाही और आक्रामक हो गया जिसके परिणामस्वरूप तभी से इस्लाम सारे विश्व में गैर-मुसलमानों के साथ खून की होली खेलता चला आ रहा है। ऐसा सभी विद्वान मानते हैं कि मक्का और मदीना की आयतों के स्वरों में भी काफ़ी अन्तर है तथा इस्लाम के इन परस्पर विरोधी दो चेहरों के कारणों पर अपनी -अपनी प्रतिक्रियाऐं की हैं।

(1) Hitti writes in his book "History of the Arabs" (pp.124-125) "The Makkan surahs, about ninety in number, and belonging to the period of struggle, are mostly short, incisive, fiery, impassioned in style and replete with prophetic feeling. In them the Oneness of Allah, His attributes, the ethical duties of man and the coming retribution constitute the favorite themes."

(1) 'अरबों के इतिहास' लेखक पी.के. हिट्टी का मत है कि "मक्काई सूरा जो लगभग 90 हैं और संघर्ष काल के हैं अधिकांशतः छोटे, उत्कीर्ण, प्रेरणादायक और निर्विकार शैली के हैं तथा भविष्य सूचक भावनाओं से परिपूर्ण हैं। इनमें अल्लाह का एकत्व, उसकी विशेषताऐं, मनुष्य के नैतिक कर्त्तव्य और भावी प्रतिदान मुख्य विषय हैं।" (पृ. *124-125*)

(2) In this context, Ali Dasti writes "The beauty and melody of the Meccan suras, so reminescent of the preachings of Isaih and Jeremiah and evocative of the fervour of a visionary soul, seldom reapear in the Medican suras, where the poetc and musical tone tends to be silenced and replaced by the peremptory note of rules and regulatious." (ibid p.81)

Dashti further observes that:

"Initially there had been no sanction for the use of force and harshnees," and "There had been no question of war while

the Prophet remained at Mecca."........"Amiable behaviour towards possessors of scriptures is recommended in several Meccan and early Madinan verses."(pp. 83-84)

(2) इस संदर्भ में ईरानी लेखक अली दाष्टी लिखता है : "मक्काई सूरों का सौंदर्य और स्वर माधुर्य जो बाइबिल के इसैय्याह और जेरेमियाह की याद दिलाते हैं और जो कि एक उद्‌बोधक की भाव प्रवरता को प्रगट करते हैं, वह मदीनाई सूराओं में शायद ही कभी सुनाई दे, जहाँ काव्य और संगीतमयी ध्वनि लगभग शान्त हो जाती है और उसकी जगह अनतिक्रमणीय विधि-विधानों एवं आदेशों की गूंज सुनाई देती है।" (पृ. 81)

दाष्टी फिर लिखता है—"प्रारम्भ (मक्का) में ज़ोर-जबरदस्ती, शक्ति और कठोरता की आज्ञा नहीं थी और जब तक मुहम्मद मक्का में रहे, यहाँ युद्ध करने का तो प्रश्न ही नहीं उठता था। 'किताब वालों (ईसाई, यहूदी आदि) के प्रति सौजन्यपूर्ण व्यवहार का आदेश अनेक मक्काई और प्रारम्भिक मदीनाई आयतों में सुस्पष्ट है।" (*वही, पृ. 83-84*)

(3) According to Walker, "The early or Meccan suras show tolerance for faiths, even for the pagan Arabs. They are full of high idealism, prompted by religious conviction and deep spirituality, in consonance with the Jewish and Christian traditions. God is generally referred to as al-Rahman, "the Merciful".

"These (early Meccan) suras consist of religious teachings, moral principles, brief homilies and other inspired sayings of the Prophet. Their message is delivered in a short and simple rhapsodic style, full of visionary power and poetic fire, usually in rhymed and rhythmic prose. (saj).

"These glowing and impassioned verses, with their striking images and stately rhythms, their mystical beauty and religious insight, were known as the "terrific suras", because they were often preceded by spells of unconsciousness."

"The Meccan suras, embodying the faith of Abraham for the Arab people, comprise about one-third of the whole Koran, and would make up a slender volume. Many of these suras, in whole or in part were on the lips of Muhammad's followers.

Despite being transmitted orally, they generally remained unchanged and uncorrupted, to form the nucles of the faith and the foundation of early Islam. Much of the material had a hymnic or psalmic character, making it suitable for liturgical purposes, so it was also used in public worship and on other religious occasions,"(*p.150*)

(3) इस विषय में बैंजमेन वाकर अपनी पुस्तक 'फाउंडेशन आफ़ इस्लाम' में लिखता है: प्रारम्भिक अथवा मक्काई सूरा विभिन्न धार्मिक मतों यहाँ तक कि अरबी पैगनों के प्रति सहिष्णुता प्रगट करते हैं। वे यहूदी और ईसाई परम्पराओं के समान उच्च श्रेणी के आदर्शवाद एवं धार्मिक आस्थाओं से प्रेरित और गहन आध्यात्मिकता से ओत प्रोत हैं। ईश्वर को सामान्यतया 'अल-रहमान' यानी दयालु कहा गया है। इन (प्रारम्भिक मक्काई) सूराओं में धार्मिक शिक्षाऐं, नैतिक सिद्धान्त, संक्षिप्त धर्मोपदेश और पैगम्बर के अन्य प्रेरणादायक वचन हैं। इनमें उपदेश एक संक्षिप्त और साधारण भावनात्मक शैली में, दिव्य शक्ति से ओत प्रोत, काव्यमयी ओज एवं अक्सर तुकान्त और सामंजस्य पूर्ण ढ़ंग से दिए गए हैं"

"ये उद्दीप्त और भावनात्मक आयतें अत्यन्त प्रभावशाली और अत्यन्त बुलन्द ताल सहित अपने रहस्यमय सौंदर्य और धार्मिक सन्देश से ओत-प्रोत हैं। इन आयतों को चमत्कारी माना जाता है क्योंकि वे अक्सर अचेतन अवस्था में की हैं।

मक्काई सूराओं, जिनमें अरबी लोगों के लिए इब्राहीम (पूर्व पैगम्बर) के धर्म का भी समावेश है और जो पूरी कुरान के एक तिहाई भाग के बराबर हैं। मगर (छोटी आयतें होने के कारण) उनका आकार बहुत कम है। अनेक सूरा-पूरे के पूरे या आधे तो मुहम्मद के अनुयायियों की ज़ुबान पर थे। मौखिक रूप से प्रचारित करने के बावजूद भी वे सामान्यतया अपरिवर्तित एवं शुद्ध रहे जो प्रारम्भिक इस्लाम की नींव और उसके केन्द्र बिन्दु बने रहे। अधिकांश सामग्री भजनीय एवं गाने योग्य रही जो कि पूजा पद्धति के लिए उपयोगी सिद्ध हुई। इसलिए ये सूरा सार्वजनिक एवं अन्य अवसरों पर पूजा उपासना में भी प्रयोग होते थे।" (पृ. 150)

(4) Similarly Burke observes, "Early Quranic verses, delivered to Muhammad between 610 and 623 CE while his community was small, unpopular and barely tolerated by vastly superior forces, urge patience and the spreading of the word of Islam through non-violent means alone.

"There is no compulsion in religion, for the right way is clear from the wrong way", the Quran says (2.256) (Al-Qaeda, p.31)

(4) इसी प्रकार बुर्के अपनी पुस्तक 'अल-कायदा' (पृ. 31) में लिखता है : "कुरान की प्रारम्भिक आयतें जो कि पैगम्बर मुहम्मद पर 610 से 623 एडी के बीच नाज़िल हुई, जबकि उसके अनुयायियों की संख्या कम थी, वे लोक प्रिय भी नहीं थे और अधिक शक्तिशाली लोगों द्वारा मुश्किल से सहनीय थे, तब वे धैर्य रखने का उपदेश देते और इस्लाम के संदेश को शान्तिपूर्ण तरीकों से फैलाते थे जैसे "धर्म के विषय में किसी के साथ ज़ोर जबरदस्ती नहीं है क्योंकि सही रास्ता तो गलत रास्ते से सुस्पष्ट है।" (2:256)

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर—मैंने मुसलमानों से स्पष्ट पूछा है कि यदि कोई बाहरी मुहम्मदीय शक्ति भारत पर हमला करती है तो ऐसी स्थिति में क्या वह (मुसलमान) अपने सम्मिलित भारत देश की रक्षा के लिए अपने हिन्दू पड़ोसियों का कन्धे-से-कन्धे मिलाकर उनका साथ देंगे। मैं उनसे पाए गए उत्तर से संतुष्ट नहीं था...यहाँ तक कि मि. मौहम्मद अली (अली भाइयों में से एक, अनु.) जैसे व्यक्ति ने घोषणा की कि किसी भी परिस्थिति में, किसी भी मुसलमान को, चाहे वह किसी भी देश का हो, वह आज्ञा नहीं है कि वह किसी मुसलमान के विरुद्ध संघर्ष करें। (*18. 4.1924 को, टाइम्स ऑफ इंडिया में रवीन्द्रनाथ टैगोर के छपे साक्षत्कार से*)

अध्याय–5

मदीनाई इस्लाम : इस्लाम का दूसरा चेहरा

पिछले जिहाद की यात्रा के विवरण से सुस्पष्ट है कि मदीना में आकर पैगम्बर मुहम्मद ने शक्ति संचित की और मदीना में छोटा सा एक इस्लामी राज्य स्थापित किया। अतः यहाँ की आयतों में मक्काई आयतों से काफी विभिन्नता ही नहीं बल्कि कुछ मामलों में विरोध भी है।

(1) About Madinan suras P.K. Hitti writes : "The Madinan surahs, the remaining twenty-four (about one-third of the contents of the Koran)which "were sent down"(unzlat) in the period of victory, are mostly long, verbose and rich in legislative material. In them theological dogmas and ceremonial regulations relating to the institution of public prayer, fasting, pilgrimage and the sacred months are laid down. They moreover contain laws prohibiting wine, pork and gambling; fiscal and military ordinances relating to alms-giving (zakat) and holy war (jihad); civil and criminal laws regarding homicide, retaliation, theft, usury, marriage and divorce, adultery, inheritance and the freeing of slaves. Surahs 2, 4 and 5 contain most of the this legislative material." (*ibid p. 124-125*)

(1) मदीनाई सूराओं के स्वरूप के बारे में पी.के. हिट्टी लिखता है–''चौबीस मदीनाई सूरा जो कि कुल कुरान का लगभग एक तिहाई भाग है और जो विजय काल में अवतरित हुए अधिकांशत : लम्बे, शब्द बहुल और विधि-विधान सम्बंधी सामग्री से भर पूर हैं। इनमें धर्म-सिद्धान्त, कर्म-काण्डीय नियम, सार्वजनिक प्रार्थना, रोज़ा, हज्ज और पवित्र महीनों के बारे में वर्णन है इसके अतिरिक्त इनमें शराब न पीने, सुअर का मांस न खाने और जुआ न खेलने के बारे में विधि-विधान हैं। साथ ही राजस्व और सैनिक आदेशों, दान देने, पवित्र युद्ध (जिहाद) तथा सिविल और आपराधिक कानून, नर हत्या, बदला लेने, चोरी, ब्याजखोरी, विवाह, तलाक, व्यभिचार, पैत्रिक सम्पत्ति और गुलामों को मुक्त करने सम्बंधी आदेश भी हैं। सूरा 2, 4 और 5 में अधिकांशतः इसी प्रकार के विधि-विधान हैं।'' (*वही, पृ. 124 - 125*)

(2) About Medinan ayats Walker writes: "In Medina, as Muhammad's status rose and his power increased, a change to have taken place in his character and in the nature of the Koranic message. This change is reflected in a marked alteration in both the style and the content of his utterances. The long passages in the Koran that Western critics have pronounced tedious, pedestrian and toilsome to read are almost exclusively suras composed in Medina."

"In Medina there is a marked decline in the religious enthusiasm and poetic fervor that illumine the Meccan revelations. The visionary becomes a preacher, the prophet a theologian. Few of the suras bear, the marks of divine influence. Muhammad's energy begins to spend itself; his inspiration falters, with only an occasional flash of the old fire. Discursive prose takes the place of ecstatic utterance. Some passages underline his own importance, or deal with personal problems, and show a growing intolerance and hostility to those who oppose him."

"The Medinan suras are clearly the product of the Prophet's conscious mind. They consist of exhortations, appeals, regulations and proclamations. The texts begin to resemble doctrinal sermons and take on a more didactic and legalistic tone. The inspired "readings" become little more than a 'text'. In the Medinan period, the term 'Koran' is used less frequently, the term 'al-Kitab', the Book, being used instead."(ibid, p.151)

(2) वाकर के अनुसार–"मदीना में जैसे-जैसे मुहम्मद की प्रतिष्ठा और उसकी शक्ति बढ़ती गई , तो उसके चरित्र एवं कुरान की आयतों के स्वरूप में परिवर्तन होता दिखाई देता है। यह परिवर्तन उसके कथनों और शैली दोनों में दिखाई देता है। कुरान में लम्बे-लम्बे पद जिनकी कि पश्चिमी आलोचकों ने पढ़ने में बोझिल, नीरस और थकाऊ कहा है, वे अधिकांशतः मदीना के ही हैं।"

वाकर आगे लिखता है–"मदीनाई सूराओं में धार्मिक उन्माद और काव्यात्मक भाव प्रवणत में बहुत कमी दिखाई देती है जो कि मक्काई सूराओं में साफ़ दिखाई देती है। यहाँ एक युग दृष्टा, एक उपदेशक बन

जाता है तथा पैगम्बर एक धर्म-शास्त्री बन जाता है। केवल कुछ ही सूराओं में दैवी प्रभाव प्रदर्शित होता है। स्वयं मुहम्मद की शक्ति कम होने लगती है, उसकी प्रेरणा में अस्थिरता आने लगती है और कभी-कभी ही वाणी में तेजस्विता आती है। बुद्धि-परक गद्य हर्षातिरेकी उदगारों का स्थान ले लेती है। कुछ आयत स्वयं मुहम्मद के महत्व को दर्शाती हैं अथवा उस की व्यक्तिगत समस्याओं से सम्बंधित हैं तथा कुछ मुहम्मद का विरोध करने वालों के प्रति असहिष्णुता और शत्रुता प्रगट करती हैं।"

"मदीनाई सूरा साफ़ तौर पर मुहम्मद के सचेतन मास्तिष्क की देन हैं। उनमें प्रोत्साहन, अपील, घोषणाऐं और निमंत्रण हैं। मूल पाठ मिले-जुले सैद्धान्तिक उपदेशों से प्रारम्भ होते हैं और जो आगे चलकर नीतिपरक और विधि-विधान का रूप ज्यादा ले लेते हैं। अब अन्तः प्रेरित "पठन-सामग्री" एक उद्देश्य से कुछ अधिक मात्र तक रह जाती है। मदीनाई काल में "कुरान" शब्द अक्सर कम प्रयोग होता है तथा उसकी जगह "अल किताब' या 'किताब' का प्रयोग अधिक दिखाई देता है।" (वही, पृ. 151)

(3) About Medinan Ayats Dasti writes: "At Medina orders and rules were issued on the authority of a commander who could allow no infrigement or deviation. The penalties prescribed for violation or negligence were very severe."(pp. 81-82).

"At Medina, however, particularly after the expansion of Moslem power, the mere cursing of the deities of the Qoraysh was no longer at issue; peaceful and affable contact with unbelievers was categorically forbidden. In the words of the Madinan sura 47 (Mohammad), verse 35, "So do not be weak and call for peace when you are uppermost! God is with you and will not deprive you of (the proceeds of) your deeds."(pp.82-83)

"Muhammad's announcement of this edict (sura 9.29;98:5-6 about the People of the Book) after the elimination of the Madinan Jews, the seizure of the Jewish villages of Khaybar and Fadak, and the conquest of Mecca, indicates that with Islam in power, polite and rational discussion with dissentients was no longer deemed necessary. The language of future

discourse with them was to be the langugage of the sword."(p.85).

(3) इस सम्बंध में अली दाष्टी का मत है कि "मदीना में नियम और आदेश एक कमाण्डर की सत्ता के अन्तरगत दिए जाते थे जिनमें कोई फेर-बदल और परिवर्तन नहीं कर सकता था। किसी तरह की अवज्ञा या उपेक्षा करने की भारी सज़ा थी।" (वही, पृ. 81-82)

"यद्यपि मदीना में विशेषकर मुस्लिम शक्ति के प्रसार के बाद, केवल कुरेशों के देवताओं की निन्दा करना कोई विशेष विषय नहीं था परन्तु गैर-मुसलमानों से शान्तिप्रिय और सौजन्य पूर्ण व्यवहार की सख्ती से मनाही थी जैसाकि कुरान की आयत 47:35 में कहा गया है : "अतः ऐसा न हो कि तुम हिम्मत हार जाओ और सुलह का निमंत्रण देने लगो, जबकि तुम प्रभावी हो। अल्लाह तुम्हारे साथ है और वह तुम्हारे कर्मों (के फल) में तुम्हें कदापि हानि नहीं पहुंचाएगा।" (वही, पृ. 82-83)

अली दाष्टी आगे लिखता है "मुहम्मद की (किताब वालों के विषय में) इन-9:29; 98:5-6, फरमानों/घोषणा तथा मदीना के यहूदियों को निकाल देने, यहूदियों के खैबर और फदक के गाँवों पर कब्जा कर लेने और मक्का विजय एवं इस्लाम के राजनैतिक दृष्टि से शक्तिशाली हो जाने के बाद, विरोधियों के साथ किसी प्रकार के विवेक युक्त एवं विनम्र वार्तालाप की कोई और आवश्यकता नहीं रह गई। उनके साथ भावी बातचीत का तरीका सिर्फ़ तलवार की भाषा हो गया था।" (वही, पृ. 85)

(4) About Medinan ayats Burke writes."After the time of the hijra, Allah appears to have given permission for Muslim to engage in defensive warfare. Later verses, received by Muhammed when at the height of his power, enjoined an offensive against unbelievers "**fight and slay the pagans wherever ye find them, and seize them, beleaguer them and lie in wait for them**" (9 : 5) These verses, known as the "swords verses", were held by the Ulema of the powerful and expansionist Ummayad and Abbasid dynasties to abrogate the previous more pacifistic Quranic injunctions. This interpretation provided a religious justification for armed expansions by the newly confident dominant ruling group. Though modern

